**Series: DPS/ST/HINDI/PB/17-18** **Code: 085**

**DELHI PUBLIC SCHOOL:: SURAT**

**HINDI**

**Roll No:** ☐ **Class: X**

**Marks: 80** **Time Allowed: 3 hours**

---

*निर्देश :*

*1. इस प्रश्न– पत्र के चार खंड हैं– क, ख, ग और घ।*
*2. इस प्रश्न– पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं तथा 17 प्रश्न हैं।*
*3. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*
*4. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः लिखिए।*
*5. कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

---

*खंड–क*

*(अपठित बोध) 1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: साहित्यकार मस्तिष्क, बुद्धि और हृदय से संपन्न एक सामाजिक प्राणी है। वह समाज से अलग हो ही नहीं सकता, क्योंकि उसकी अनुभूति का संपूर्ण विषय उसकी समस्याएँ, मानवजीवन और जीवन के मूल्य हैं, जिनमें वह साँस लेता है। जब कभी उसे घुटन की अनुभूति होती है, उसकी अभिव्यक्ति साहित्य के रूप में प्रकट हो जाती है। समाज से उसका यह रिश्ता उसे साहित्य सृजन की प्रेरणा देता है और तभी उसके साहित्य को समाज स्वीकार भी करता है। सामाजिक प्रभाव और दवाव की उपेक्षा कर साहित्यकार एक कदम भी आगे नहीं चल सकता और*

*यदि चलता भी है, तो आवश्यक नहीं साहित्य पर समाज का प्रभाव सदैव अनुकूल हो। वह प्रतिकूल भी हो सकता है। कवीर जी की साखियों और प्रेमचंद जी के कथा साहित्य के अध्ययन से यही बात स्पष्ट होती है। कवीर जी ने अपने समय के धार्मिक बाह्याडंबरों, सामाजिक कुप्रवृत्तियों, रूढ़ियों एवं खोखली मान्यताओं के विरोध में अपना स्वर बुलंद किया। निराला जी के साहित्य में ही नहीं उनके व्यक्तिगत जीवन में भी यही संघर्ष बराबर बना रहा। प्रेमचंद जी की कहानियों और उपन्यासों में सर्वत्र किसी-न-किसी सामाजिक समस्या के प्रति उनकी गहरी संवेदना दिखाई देती है। अस्तु साहित्यकार अपने युग तथा समाज के प्रभाव से अपने को अलग भी रखना चाहे तो कदापि नहीं रख सकता।*

*साहित्य समाज का दर्पण होता है, किंतु इस कथन का आशय यह नहीं है कि साहित्यकार समाज का फ़ोटोग्राफ़र है और सामाजिक विद्रूपताओं, कमियों, दोषों, अंधविश्वासों और मान्यताओं का यथार्थ चित्रण करना उसका*

उद्देश्य होता है। साहित्यकार का दायित्व वस्तुस्थिति का यथातथ्य चित्रण मात्र प्रस्तुत कर देना ही नहीं, उसके कारणों का विवेचन करते हुए श्रेयस् मार्ग की ओर ले जाना है। साहित्य युग और समाज का होकर भी युगांतकारी जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा कर सुंदरतम समाज का जो भी रूप हो सकता है– उसका रेखाचित्र प्रस्तुत करता है। उसमें रंग भरकर जीवंतता प्रदान कर देना पाठकों एवं सामाजिकों का कार्य होता है। इस प्रकार जीवन के शाश्वत मूल्यों की प्रतिष्ठा करने से साहित्यकार एक देशीय होकर भी सार्वदेशिक होता है।

(क) साहित्यकार साहित्य सृजन की प्रेरणा की प्रेरणा कहाँ से लेता है? [2]
(ख) साहित्यकार किससे अलग नहीं हो सकता और क्यों? [2]
(ग) साहित्य समाज का दर्पण होता है– गद्यांश के संदर्भ में कथन का अर्थ स्पष्ट कीजिए। [2]
(घ) साहित्यकार का दायित्व क्या है? [2]
(ङ) साहित्यकार की अनुभूति के विषय पर प्रकाश डालिए। [1]

**2.** निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

वैल गाँव की ओर, जहाँ पर हरे खेत लहराते,
मेड़ों पर है कृषक घूमते, सुख से विरहा गाते।
गेहूँ, चना, मटर जो सिर पर लेकर भार खड़े हैं,
बीच-बीच में प्रहरी जैसे दिखते वृक्ष अड़े हैं।
चलें गाँव की ओर, झोंपड़े जहाँ झुके धरती में,
तरु के नीचे खेल रहे हैं बच्चे निज मस्ती में।
कटि पर लिए गगरिया गोरी आती है बलखाती,
देख किसी गुरुजन को सम्मुख सहसा शरमा जाती।
चलें गाँव की ओर, जहाँ धुआँ लहराता, थके कृषक
को साँझ समय जो घर की ओर बुलाता। रूखा-सूखा
ही भोजन है, पर वह स्नेह सना है, इसीलिए तो
तोष दे रहा, अमृत तुल्य बना है।

(क) प्रस्तुत पद्यांश में प्रहरी की उपमा किसे दी गई है? [1] (ख) युवतियों के शरमाने का कारण क्या है? [1]
(ग) शाम का समय होते ही कृषक किसकी ओर खींचा चला आता है व क्यों? [2]
(घ) प्रस्तुत पद्यांश के अंतिम चरण में अमृत के समान किसे कहा गया है? कारण सहित उत्तर दीजिए। [2]

## खंड-ख
## (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** (क) शब्द व पद का अंतर स्पष्ट कीजिए। [1]
(ख) महात्मा गांधी <u>प्रतिदिन</u> प्रार्थना किया करते थे। – वाक्य में रेखांकित पद का परिचय दीजिए। [1]

**4.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए: [3]
(क) तुम निराश न हुए तो मैच अवश्य जीत लोगे।– वाक्य का भेद बताइए।

DPSSURAT

(ख) उसने कहा था। वह नहीं आया। – मिश्र वाक्य बनाइए।
(ग) कई सालों से बड़े- बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेलकर उसकी ज़मीन हथिया रहे थे।
– संयुक्त वाक्य बनाइए।

5. निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए: [4]
(क) 'राजनीतिज्ञ' व 'प्रतिदिन' का समास विग्रह कीजिए व समास का भेद बताइए।
(ख) 'चार आनों का समाहार' व 'पत्तों से बनी कुटिया' का समस्त पद बनाइए व समास का भेद बताइए।

6. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए: [4]
(क) उसने चाकू काटकर फल से खाया।
(ख) लड़का लोग तो चला गया।
(ग) भूखा व्यक्ति संतोष का साँस लिया।
(घ) गत रविवार वह परीक्षा देने जाएगा।

7. 'हक्का-बक्का रह जाना ' व 'घुड़कियाँ खाना' मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में उचित प्रयोग कीजिए।[2]

<u>खंड- ग</u>
(पाठ्य- पुस्तक)

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए: [2+2+1]
(क) निराशा के बादल फट जाने पर छाटे भाई में क्या परिवर्तन आया?
(ख) तारा सुंदरी पार्क में घटित घटना का वर्णन कीजिए।
(ग) ताताँरा के लिए कौन-सी बात असहनीय थी?

9. 'कारतूस' एकांकी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए। [5]

अथवा

'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के माध्यम से निदा फ़ाज़ली जी पाठकों को क्या संदेश देना चाहते हैं?

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए: [2+2+1]
(क) बिहारी जी के पठित दोहे के आधार पर बताइए कि राम कैसे मन में वास करते हैं?
(ख) 'एक दिन तो होता ही है उसका मुँह बंद'- कवि इस पंक्ति में किसका मुँह बंद होने की बात कह रहे हैं?
(ग) मीरा बाई के हृदय की व्याकुलता का कारण क्या है?

11. 'आत्मत्राण' कविता का प्रतिपादय लिखिए। [5]

अथवा

'मनुष्यता' कविता में अनेक महापुरुषों के दवारा किए गए त्याग का उल्लेख कर कवि किन नैतिक मूल्यों को उभारना चाहते हैं? वर्तमान युग के संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता सिद्ध कीजिए।

DPSURAT

12. क्या कारण था कि सभी हरिहर काका की जायदाद को हड़पना चाहते थे? पाठ के संदर्भ में वर्तमान युग में इस प्रकार की समस्या से जूझते बुजुर्गों की समस्या पर प्रकाश डालिए। [5]

अथवा

टोपी शुक्ला की भावात्मक चुनौतियों व आधुनिक युग के बच्चों के समक्ष आनेवाली समस्याओं के संदर्भ में अपने विचार स्पष्ट करते हुए उपाय दीजिए।

<u>खंड– घ</u>

(रचनात्मक लेखन)

13. दिए गए संकेत– बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में <u>एक</u> अनुच्छेद लिखिए: [5]

(क) आरक्षण का भूत

- आरक्षण का उद्देश्य
- देश में जातिवाद को बढ़ावा
- आरक्षण का समर्थन य विरोध

(ख) नैतिकता का गिरता स्तर

- नैतिकता का अर्थ
- नैतिकता के गिरने के कारण
- समाधान

(ग) जलवायु परिवर्तन: एक वैश्विक खतरा

- जलवायु और मानव जीवन
- जलवायु परिवर्तन के कारण
- समस्या से निपटने के उपाय

14. अपने क्षेत्र में गत कुछ दिनों से पेयजल की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए नगरनिगम के जल-विभाग को पत्र लिखिए। [5]

अथवा

बस में छूटे हुए सामान का पता लगाने के लिए दिल्ली परिवहन निगम के प्रबंधक को पत्र लिखिए।

15. पाठशाला की पत्रिका में स्वरचित कविता प्रकाशित करवाने के विषय में हिंदी विभाग के सचिव की ओर से **25** से **30** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। [5]

अथवा

मुख्य डाक कार्यालय के कार्यकाल की परिवर्तित समयावधि के विषय में डाक विभाग के अधीक्षक की ओर से **25** से **30** शब्दों में एक सूचना जारी कीजिए।

16. प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से हो रही हानि के विषय में एक दुकानदार व ग्राहक के बीच हुई बातचीत पर लगभग **50** शब्दों में संवाद तैयार कीजिए। [5]

DPSSURAT

*अथवा* *यातायात के नियमों का पालन न करने के कारण रास्तों पर बढ़ती जा रही दुर्घटना के विषय में दो जागरूक नागरिकों के बीच हुई बातचीत पर लगभग* ***50*** *शब्दों में संवाद तैयार कीजिए।*

***17.*** *विद्यालय के एन. सी. सी. शिविर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। समय स्थान व दिनांक का उल्लेख करते हुए* ***25*** *से* ***30*** *शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।* *[**5**]*

*अथवा*

*शहर के विकसित इलाके में आवासीय मकान बनाए जा रहे हैं जिसके स्थान व कीमत संबंधी आवश्यक जानकारी का विवरण देते हुए* ***25*** *से* ***30*** *शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।*

DPSSURAT